दिन–सोमवार

दिनांक– 15 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार से होकर गुजरने वाली अधिकांश नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण बाढ़ का पानी कई निचले इलाकों में फैलता जा रहा है।

02. बिहार में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री उच्च शिक्षा अभियान, पीएम उषा के तहत बिहार को अगले दो वर्षों में मिलेंगे छह सौ करोड़ रूपये।

03. के.पी शर्मा ओली ने चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इक्कीस मंत्रियों को भी दिलाई गई शपथ।

04. और, मणिपुर के जिरीबाम जिले में हुई हिंसा में मधुबनी निवासी सीआरपीएफ जवान अजय कुमार झा शहीद।

————————————————————

प्रदेश से होकर गुजरने वाली अधिकांश नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण बाढ़ का पानी कई निचले इलाकों में फैलता जा रहा है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंडक, बागमती, कमलाबलान, कोसी और महानन्दा नदी का जलस्तर कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। बेतिया से हमारे संवाददाता ने बताया कि वाल्मीकिनगर गंडक बराज से आज भी एक लाख साठ हजार क्यूसेक पानी गंडक नदी मे छोड़ा गया। इससे तटबंधों पर दबाव बढ गया है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

पश्चिम चंपारण में गंडक नदी तबाही मचा रही है। जिले के योगापट्टी प्रखंड के 5 पंचायत पूरी तरह से बाढ प्रभावित हैं जबकि सात पंचायत आंशिक रुप से बाढ़ की चपेट में हैं। सिसवा, मंधातापुर, गोडियाटोली, पूरबटोला, बीनटोली, जबलपुर खुटवनिया और बैसिया सहित एक दर्जन से अधिक गांवों मे लोगों के घरों मे दो से तीन फिट पानी लगा हुआ है। इधर, लौरिया के विधायक विनय बिहारी योगापट्टी प्रखंड के बाढ़ प्रभावित कई गांवो का दौरा किया और अधिकारियों को राहत कार्य चलाने का निर्देश दिये। आकाशवाणी समाचार के लिए बेतिया से आशीष कुमार।

पूर्वी चंपारण जिले में भी गंडक नदी का पानी कई निचले इलाकों में फैल गया है। इधर, गोपालगंज जिले में भी बाढ़ की स्थिति में भी कोई सुधार नहीं है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

गोपालगंज सदर प्रखंड के रामपुर टेंगराही पंचायत के राजवाही और सेमराही गांव पूरी तरह बाढ़ के पानी से घिर चुके है। बाढ़ प्रभावित लोग पिछले एक सप्ताह से सड़कों पर अस्थायी आशियाना बनाकर रहने के लिए मजबूर है। कुछ बाढ़ प्रभावितों ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत की।

———वाक्सपॉप———

इधर, बाढ़ प्रभावित लोगों में राहत समाग्री नहीं मिलने को लेकर आक्रोश है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संक्रामक रोगों का भी खतरा बढ़ गया है। गोपालगंज से मदेश कुमार तिवारी।

भागलपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में कोसी और गंगा नदी लगातार तबाही मचा रही है।

———बाईट———

जिले के कहलगांव, गोपालपुर, घोघा, खरीक, नाथनगर के दियारा वाले क्षेत्र बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हैं। गंगा का जलस्तर बढ़ने के साथ ही कहलगांव प्रखंड के बीरबन्ना पंचायत के तौफिल और इसके आसपास के ग्रामीण इलाके में भी बाढ़ का असर देखा जा रहा है। तेज कटाव के कारण बीरबन्ना पंचायत के तौफिल गांव के अस्तित्व पर खतरा बढ़ गया है। गंगा की सहायक नदियां कोवा, भैना, गेरुवा नदी में उफान से इस इलाके के निचले क्षेत्र में पानी फैलने लगा है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया कि कोसी नदी के जलस्तर में एक बार फिर से बढ़ोतरी देखी जा रही है। आज शाम चार बजे तक भीमनगर कोसी बराज से एक लाख सड़सठ हजार क्यूसेक से अधिक पानी बढ़ते क्रम में छोड़ा गया है। वहीं नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र– बराह से एक लाख अट्ठाईस हजार क्यूसेक पानी बढ़ते क्रम में छोड़ा गया है। ब्यौरे के साथ हैं हमारे संवाददाता–

———बाईट———

कोसी नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जल संसाधन विभाग की टीम द्वारा लगातार तटबंधों की निगरानी की जा रही है। दबाव वाले स्पर को सुरक्षित रखने का प्रयास किया जा रहा है। इधर सुपौल के सांसद दिलेश्वर कामत ने बाढ़ग्रस्त पंचायतों का दौरा किया है। उन्होंने इस दौरान बाढ़ पीड़ित लोगों की समस्याएं भी सुनीं। इधर बाढ़ प्रभावित प्रखंडों में प्रशासन द्वारा युद्धस्तर पर राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है। लोगों की सुविधा के लिए बड़ी संख्या में नाव का परिचालन शुरू कर दिया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

मुजफ्फरपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि बागमती नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

———बाईट———

मुजफ्फरपुर में बागमती नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण औराई और कटरा प्रखंड के दर्जनों पंचायत में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कटरा प्रखंड का गंगिया पट्टी वार्ड नं 3 चारों तरफ से बाढ़ के पानी से घिर गया है। लोग बांस का मचान बनाकर रह रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अभी तक जिला प्रशासन की ओर से नाव की व्यवस्था नहीं की गई है। साथ ही किसी प्रकार की सरकारी सहायता भी नहीं मिल रही है। इस बीच कटरा की अंचलाधिकारी मधुमिता कुमारी ने बताया कि जिला प्रशासन  और जल संसाधन विभाग के साथ समन्वय बनाकर राहत और बचाव के लिए आवश्यक तैयारी की जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुजफ्फरपुर से कौशल किशोर कौशिक।

दरभंगा में कमलाबलान, बागमती, करेह, कोसी और अधवारा समूह की नदियों में लगातार पानी बढ़ रहा है। कमलाबलान नदी के दोनों तटबंधों के बीच बसे दस गांव बाढ़ की चपेट में आ गए है। इधर, मधुबनी और सहरसा जिले में भी बाढ़ की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हैं।

————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून कमजोर पड़ गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस के पटेल ने बताया कि अगले अड़तालीस से बहत्तर घंटों के दौरान राज्य में मॉनसून के प्रभाव से बारिश नहीं होने की संभावना है। तापमान में बढ़ोतरी होगी और उमस बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि स्थानीय कारकों के प्रभाव से हिमालय के तराई वाले क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है।

———बाईट———

इधर, मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक पूरे बिहार में सामान्य से नौ प्रतिशत कम बारिश हुई है। पटना समेत अट्ठाईस जिलों में सामान्य से कम बारिश रिकॉर्ड की गई। सहरसा में अब तक दो सौ चौदह दशमलव सात मिलीमीटर बारिश हुई है जो सामान्य से तैंतालीस प्रतिशत कम है। इधर, दस जिलों में सामान्य से अधिक वर्षा रिकॉर्ड की गई। किशनगंज में चौंसठ प्रतिशत अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई।

————————————————————————————

नेपाल में के.पी.शर्मा ओली ने आज चौथी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने उन्हें राष्ट्रपति भवन में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके अलावा राष्ट्रपति ने नवनियुक्त 21 मंत्रियों को भी शपथ दिलाई। श्री ओली के नेतृत्व में मंत्रिमंडल में एनसी, यूएमएल, जनता समाजबादी पार्टी – जेएसपी और लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी–एलएसपी के मंत्री शामिल हैं।

————————————————————————————

बिहार उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री उच्च शिक्षा अभियान, पीएम उषा के तहत बिहार को अगले दो वर्षों में छह सौ करोड रूपये मिलेंगे। राज्य मंत्रिमंडल ने पिछले दिनों इस योजना को लागू करने की स्वीकृति प्रदान की थी। यह योजना राष्ट्रीय स्तर पर जून, दो हजार तेईस में लागू की गई थी। पीएम उषा के तहत राज्य के विश्वविद्यालयों और डिग्री कॉलेजों में आधारभूत संरचना, शिक्षण व्यवस्था, शोध और प्रशिक्षण के विकास के लिए आर्थिक मदद दी जाती है।

————————————————————————————

रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में अगली सुनवाई इकतीस जुलाई को होगी। दिल्ली की विशेष सीबीआई अदालत में आज इस मामले की सुनवाई हुई। अदालत ने पूर्व रेलमंत्री लालू प्रसाद और अन्य सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ मंजूरी के सवाल पर दो सप्ताह के भीतर सक्षम प्राधिकार को फैसला लेने को निर्देश दिया है।

---

मणिपुर के जिरीबाम जिले में हुई हिंसा में मधुबनी निवासी सीआरपीएफ जवान अजय कुमार झा शहीद हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार हमला उस समय हुआ जब जिरीबाम थाने से आठ किलोमीटर दूर मोंगबंग में सुरक्षा बल गश्त पर थे। इस हमले में मणिपुर पुलिस के दो कमांडो भी घायल हो गए। शहीद सीआरपीएफ जवान अजय कुमार झा मधुबनी जिले के मधेपुर थाना के बांकी गांव के रहने वाले थे।

---

बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सैथू गांव में कथित रूप से जमीन कब्जा करने पहुंचे राजद नेता और पूर्व मंत्री छेदीराम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में चार अन्य लोगों की गिरफ्तारी हुई है। मौके से दो राइफल, संतावन कारतूस और एक चारपहिया वाहन भी जब्त किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने सभी विश्वविद्यालयों को पीएचडी पात्रता परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया है। कुलपतियों को भेजे आदेश में कहा गया है कि पीएचडी में पचास प्रतिशत सीट विश्वविद्यालय अपने कोटे से भरेंगे।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने कहा है कि इंटरमीडिएट कक्षा में नामांकन के लिए प्रथम मेधा सूची में शामिल छात्र अब उन्नीस जुलाई तक नामांकन ले सकते हैं। समिति ने स्पष्ट किया है कि विस्तारित अवधि के दौरान आवंटित शिक्षण संस्थान में नामांकन का यह अंतिम अवसर होगा।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने अगले वर्ष होनेवाली मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। विद्यार्थी अब उनतीस जुलाई तक पंजीयन करा सकते हैं।

---

मुंगेर में आज से राज्य स्तरीय अंडर सेवेंट्‌ीन बालक–बालिका सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने प्रतियोगिता का उद्‌घाटन किया। इक्कीस जुलाई तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में सोलह टीमें हिस्सा ले रही हैं।

---

पटना के गर्दनीबाग थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में दो बच्चों की मौत हो गई। मृतक बच्चों के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए बाईपास को जाम कर प्रदर्शन किया।

---

किशनगंज में भारत–बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ के जवानों ने बांग्लादेश के तीन नागरिकों को घुसपैठ करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

---

पूर्वी चंपारण जिले के आदापुर थाना क्षेत्र के बखरी पंचायत के मुखिया के घर पुलिस ने छापेमारी कर एक सौ तेरह किलो गांजा बरामद किया है। मौके से पुलिस ने मुखिया को गिरफ्तार कर लिया।

---

नवादा के धमौल थाना क्षेत्र में एक धार्मिक जुलूस के दौरान दूसरे राष्ट्र का झंडा फहराने के मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

औरंगाबाद पुलिस ने एक लाख रूपये के ईनामी नक्सली बिहारी रवानी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली की पुलिस को सत्रह मामलों में तलाश थी।

———————————————————————

फेसबुक पर भागलपुर के जिलाधिकारी के नाम से फेक आईडी बनाकर पैसे की मांग करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

औरंगाबाद जिले के देव प्रखंड के चट्टी बाजार स्थित अंबा–देव रोड में निर्माणाधीन पुल का डायवर्सन बह गया। डायवर्सन टूटने से इस इलाके के कई गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से भंग हो गया है।

———————————————————————

शेखपुरा जिले के आकांक्षी प्रखंड शेखोपुरसराय के मोहब्बतपुर पंचायत के आज स्वास्थ्य शिविर सह परिवार नियोजन मेले का आयोजन किया।

———————————————————————

01. बिहार से होकर गुजरने वाली अधिकांश नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण बाढ़ का पानी कई निचले इलाकों में फैलता जा रहा है।

02. बिहार में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री उच्च शिक्षा अभियान, पीएम उषा के तहत बिहार को अगले दो वर्षों में मिलेंगे छह सौ करोड़ रूपये।

03. के.पी शर्मा ओली ने चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इक्कीस मंत्रियों को भी दिलाई गई शपथ।

04. और, मणिपुर के जिरीबाम जिले में हुई हिंसा में मधुबनी निवासी सीआरपीएफ जवान अजय कुमार झा शहीद।

———————————————————————

समाप्त